# सफाई के लिए आमजन संग उतरे चीफ जस्टिस

## मुख्य न्यायाधीश ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई



हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति विपिन सांघी व अन्य न्यायाधीशों ने पर्यावरण मित्र को सम्मानित किया। संवाद



भवाली



रामनगर



हल्द्वानी



संवाद न्यूज एजेंसी

**नैनीताल।** हाईकोर्ट एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संयुक्त रूप से रविवार को राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसका शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने किया। उन्होंने स्वयं अन्य न्यायाधीशगणों के साथ सफाई अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस दौरान न्यायाधीशों समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने स्वच्छता को अपना सांविधानिक अधिकार एवं कर्तव्य मानते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिज्ञा दिलाई। इसमें न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा, न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी, न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति विवेक भारती, महानिबंधक अनुज कुमार संगल आदि रहे। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने स्वच्छता रैली निकाली। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति समेत अन्य न्यायमूर्तिगणों ने सपत्नी माल रोड, ठंडी सड़क, बड़ा बाजार, तल्लीताल, मल्लीताल फ्लैट्स में सफाई और श्रमदान भी किया।

इसमें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाकर जोशी, सीएससी सीएस रावत, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, आईजी डॉ. नीलेश आनंद भरणे, डीएम वंदना सिंह, एसएसपी पंकज भट्ट समेत राज्य विधिक अधिकारी कर्मी, प्रशासनिक अधिकारी पुलिस प्रशासन, व्यापार मंडल, नगर पालिका, विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक, विद्यार्थीगण, एनजीओ समेत आम नागरिक व अन्य ने श्रमदान किया।

**पर्यावरण मित्र और प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ सदस्यों एवं पर्यावरण मित्र प्रभा खनका, कंचन रौतेला, पुष्पा संभल, मीनाक्षी नयाल, पुष्पा कांडपाल, चंपा देवी, जबर निशा, शौकत शेख, दीपक वाल्मिकी, शनि कुमार को सम्मानित किया।।12 और 13 जून को राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित चित्रकला स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिला न्यायालय नैनीताल से स्वच्छता एवं जागरूकता रैली निकाली गई जिसे जिला न्यायाधीश सुजाता सिंह ने झंडी दिखा कर रवाना किया। श्रमदान के लिए गठित दो टीमों में से एक टीम ने भवाली रोड व दूसरी ने हल्द्वानी रोड में सफाई की। टीमों का नेतृत्व जिला जज सुजाता सिंह एवं प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अजय चौहान ने किया। इसमें चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायालय नैनीताल के अधिकारी व कर्मचारी रहे।

नगर पालिका परिषद के सहयोग से आयोजित सफाई कार्यक्रम में पालिका के पर्यावरण मित्र कार्मिकों के अलावा होटल एंड रेस्टोरेंट




हल्द्वानी

### सफाई के लिए उतरे विभाग

**हल्द्वानी।** हाईकोर्ट की पहल पर प्रशासन, पुलिस, नगर निगम सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया। अभियान में अधिवक्ताओं से लेकर पार्षद और जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में करीब 1500 लोगों ने सफाई अभियान में भाग लिया। निगम क्षेत्र से इस दौरान 15 मीट्रिक टन कूड़ा भी निकाला गया। नगर निगम में सफाई अभियान की अगुवाई मेयर जोगेंद्र रौतेला ने की। निगम के 11 नोडल अधिकारियों ने अलग-अलग जगह सफाई की। लोगों को स्वच्छता को लेकर शपथ भी दिलाई गई। पुलिस और फायर के कर्मियों ने अपने थानों, चौकियों और उसके आसपास क्षेत्र की सफाई की। पार्षदों ने सफाई कर्मियों, बैंणी सेना के साथ मिलकर अपने वार्डों में सफाई की। अधिवक्ताओं ने भी सफाई अभियान में भाग लिया। इस दौरान एडीजे प्रथम कंवर अमनिंदर सिंह, एसीजेएम रेलवे मनोज कुमार द्विवेदी, सीनियर सिविल जज ज्योति बाला, एसीजेएम हल्द्वानी अखिलेश पांडे, सिविल जज सोनिया, जेएम प्रथम हल्द्वानी मोहित महेश, जेएम द्वितीय हल्द्वानी विशाल गोयल, एडिशनल सिविल जज हल्द्वानी गुलिस्तान, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसपी सिटी हरबंस सिंह, हल्द्वानी बार के अध्यक्ष योगेंद्र चुफाल आदि मौजूद रहे। माई सिटी रिपोर्टर

### हल्द्वानी शहर में यहां भी चला सफाई अभियान

- ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन की ओर से रविवार को टीपीनगर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, महामंत्री प्रदीप सबरवाल, इंद्र कुमार, पंकज बोरा, हाफी नफीस अहमद, जसपाल कोली आदि मौजूद रहे। संवाद
- प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग निर्देश पर रविवार को गौला रेंज और चिड़ियाघर रेंज के स्टाफ ने कुंवरपुर गौलापार मोटरमार्ग के दोनों ओर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान रेंजर चंदन सिंह अधिकारी, नवल किशोर कपिल आदि मौजूद रहे। संवाद
- हल्द्वानी में यूनिवर्सल स्कूल की स्वच्छता इकाई ने प्रबंधक सुनील कुमार जोशी के निर्देशन में स्वच्छता अभियान चलाया। यहां प्रधानाचार्या मंजू जोशी, उप प्रधानाचार्य पीडी पलडिया, महेश जोशी आदि मौजूद रहे। संवाद

पखवाड़े के तहत कमलुवागांजा में रिलांयस मॉल त्रिमूर्ति के पास सफाई की गई। इस दौरान समिति की अध्यक्ष विद्या महतोलिया, सचिव ममता भट्ट आदि का सहयोग रहा। साथी संगठन ने रविवार को बिठौरिया स्थित चंबल पुल के पास नगर निगम के पार्क, आरटीओ रोड स्थित शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया।

- नैनीताल वन प्रभाग के शीशमहल स्थित लीसा डिपो सुल्तान नगरी काठगोदाम में भी स्वच्छता अभियान चला गया। वन क्षेत्राधिकारी योगेश तिवारी ने विभागीय कार्मिकों, स्थानीय लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। किशनपुर वन रेंज में वन क्षेत्राधिकारी घनानंद चनियाल के नेतृत्व में वनकर्मियों और ग्रामीणों ने सफाई अभियान चलाया।
- स्वच्छता पखवाड़े के तहत शहर के बेस और

दैनिक जागरण हल्द्वानी,

नैनीताल जागरण

हल्द्वानी, सोमवार
19 जून, 2023



नैनीताल से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करने के बाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी (हाथ में छड़ी लिए) स्वयं शहर में सफाई को निकले। उनके साथ कमिश्नर दीपक रावत, डीएम वंदना, एसएसपी पंकज भट्ट आदि ने प्लास्टिक कचरा एकत्र कर आमजन को इस अभियान में मन से भाग लेकर देवभूमि को प्लास्टिक मुक्त करने का संदेश दिया • सौ. सूचना विभाग

## साफ वातावरण, शुद्ध पर्यावरण और स्वच्छता भी संवैधानिक अधिकार : चीफ जस्टिस

नैनीताल : उत्तराखंड की न्यायपालिका के इतिहास में रविवार को पहली बार चीफ जस्टिस विपिन सांघी की प्रेरणा से राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान चला।

• पेज 4

## काशीपुर में आम के बगीचे में बंदरों की जहर देकर नृशंस हत्या

काशीपुर : जैतपुर स्थित आम के बगीचे में 24 से अधिक बंदरों के शव मिले। देखते ही देखते बाग में स्थानीय लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

• पेज 6


# संकल्प के झाड़ू से स्वच्छता को 'न्याय

## न्यायपालिका के नेतृत्व में चला राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संग प्रशासनिक अधिकारी भी

जासं, नैनीताल: उत्तराखंड हाई कोर्ट की ओर से राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान रविवार को धरातल पर उतरा। अभियान में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के साथ ही अन्य न्यायाधीश, न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, सामाजिक, धार्मिक संगठन, स्थानीय निकाय कर्मी व स्कूली बच्चे शामिल रहे। करीब चार घंटे तक चले अभियान में भारी मात्रा में प्लास्टिक व कचरा एकत्रित कर निस्तारित किया गया। इससे पूर्व स्वच्छता के क्षेत्र में लंबे समय से कार्य कर रहे स्वयंसेवी संस्थाओं व पर्यावरण मित्रों के साथ ही स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया।

रविवार को रिमझिम वर्षा के बीच अभियान का शुभारंभ हाई कोर्ट सभागार में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। चीफ जस्टिस की अगुवाई में तमाम न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने रैली के रूप में हाई कोर्ट परिसर, चीना बाबा चौराहा, गोलघर चौराहा, मालरोड, ठंडी सड़क तक सफाई अभियान चलाया। यहां पर वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज तिवारी, जस्टिस शरद शर्मा, जस्टिस रवींद्र मैठाणी, जस्टिस पंकज पुरोहित, जस्टिस विवेक भारती शर्मा, जस्टिस राकेश थपलियाल, जस्टिस आलोक वर्मा, रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संगल, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष प्रभाकर जोशी, उत्तराखंड बार काउंसिल चेयरमैन डा. महेंद्र पाल, कमिश्नर दीपक रावत, डीएम वंदना, निदेशक शहरी विकास नवनीत पांडे, आदि रहे।

इधर, जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं व कर्मियों की ओर से भी स्वच्छता रैली निकाली। जिला न्यायाधीश सुजाता सिंह और प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अजय चौहान की अगुवाई में दो टीमों ने भवाली व हल्द्वानी रोड में अभियान चलाया। यहां जिला बार संघ अध्यक्ष मनीष जोशी, डीजीसी सुशील कुमार शर्मा आदि थे। वहीं, राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट (रि.) जनरल गुरमीत सिंह ने स्वच्छता अभियान की सराहना की।



संकल्प बड़ा हो तो कारवां खुद बनता है। स्वच्छता के लिए रविवार को ऐसा ही कारवां दिखाई दिया। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी जब खुद सफाई के लिए उतरे तो हर हाथ ने झाड़ू थाम लिया। नैनीताल में चीफ जस्टिस ने नाले की सफाई की। संदेश दिया कि अगर हम खुद से शुरुआत करेंगे तो वातावरण स्वच्छ रहेगा, प्रकृति स्वच्छ रहेगी और जीवन स्वच्छ रहेगा • किशोर जोशी

### नंधौर वन क्षेत्र में भी चला अभियान

संसू चोरगलिया : चोरगलिया के नंधौर रेंज में स्वच्छता अभियान में जनप्रतिनिधि, महिला समूह, स्थानीय निवासी व इंटर कालेज लाखनमंडी चोरगलिया के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। यहां रेंजर पीसी जोशी, पनीराम, भुवन पोखरिया, कमल दुर्गापाल, हेम बजेठा, दीपक चौसाली, विनोद आदि थे।



नंधौर वन क्षेत्र में अभियान चलाते वन विभाग के अधिकारी व स्कूली छात्र • जागरण

## साफ वातावरण, शु
## स्वच्छता भी संवैधानि

किशोर जोशी • नैनीताल

उत्तराखंड की न्यायपालिका के इतिहास में पहली बाद चीफ जस्टिस विपिन सांघी की प्रेरणा से राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान चला। राज्य के न्यायिक तंत्र के साथ ही सरकारी मशीनरी सहित तमाम सामाजिक व धार्मिक संगठन अपने आसपास सफाई को लेकर सड़क पर निकल पड़े। चार घंटे तक चले अभियान में सैकड़ों टन कूड़ा एकत्र कर निस्तारण किया गया।

रविवार को हाई कोर्ट के सभागार में अभियान के शुभारंभ पर करीब दस मिनट के संबोधन में मुख्य न्यायाधीश ने सिस्टम को काम के प्रति गंभीरता बरतने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान का अनुच्छेद-21 जीने का अधिकार देता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी अनुच्छेद की व्याख्या करते हुए कहा है कि जीने के अधिकार की आजादी में अच्छी जिंदगी जीना, साफ-सुथरा वातावरण, शुद्ध पर्यावरण और आसपास स्वच्छता भी शामिल है। उत्तराखंड देश के सबसे खूबसूरत प्रदेश में शामिल है। इसलिए हिमालय सहित पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक मुक्त बनाना जरूरी है। हमें शुद्ध हवा, वातावरण की मांग

सिस्
चीफ ज
लेकर
बाजार
के नीचे
सहित
चीफ ज
सचिव
बुलाक
खानपा
हाल में

जाग
मुख्य
जागर
की व
खास
रहता
सेशन
राज्य
जिला
वालं
जा रह
गई है

करनी
भी याद
योगदान
उन्होंने
लिए र
संगठन

हिन्दुस्तान
अपना उत्तराखंड
सोमवार
19 जून 2023, हल्द्वानी

## नैनीताल में मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी ने किया अभियान का शुभारंभ

# हाईकोर्ट की पहल पर चला प्रदेश में सफाई अभियान

नैनीताल, वरिष्ठ संवाददाता। नैनीताल में सफाई अभियान का शुभारंभ करते हुए उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने संविधान में वर्णित नागरिकों के नैतिक कर्तव्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हर नागरिक को समाज के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए जैसा कि वह अपने परिवार के प्रति होता है। सफाई अभियान हर साल एक बार तो जरूर चलाया जा सकता है, जिसमें आम लोगों की सहभागिता आवश्यक है। मुख्य न्यायाधीश बोले, स्वच्छता अभियान केवल फोटो सेशन तक सीमित न रहे यह तय किया जाना जरूरी है। इसलिए इसकी निगरानी विधिक सेवा प्राधिकरण करेगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

रविवार को हाईकोर्ट के आह्वान पर राज्यव्यापी स्वच्छता अभियान का नैनीताल में शुभारंभ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उत्तराखंड पर्यावरण की दृष्टि से अति संवेदनशील है। यहां विशाल हिमालय है, जिसे प्रदूषण से मुक्त रखना बेहद आवश्यक है। तभी हमारी पीढ़ियां सुरक्षित रह पाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में पर्यटकों की आवाजाही व कुछ लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता न होने से गंदगी और प्लास्टिक कचरा बिखरा रहता है। इस तरह फैल रहे प्लास्टिक को हर हाल में रोकना होगा।

यहां वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति शरद कुमार शर्मा, न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, रजिस्ट्रार जनरल अनुज कुमार संगल, महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर, मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत, पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभाकर जोशी, महासचिव विकास बहुगुणा, बार काउंसिल चेयरमैन डॉ. महेंद्र पाल मौजूद रहे। संबंधित खबर P04



रविवार को महासफाई अभियान के दौरान रैली का नेतृत्व करते उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी। • हिन्दुस्तान

**13** जिलों में रविवार को चला स्वच्छता महाअभियान

**01** सौ दो नगर निकायों में विशेष रूप से अभियान चला

“स्वच्छता अभियान केवल फोटो सेशन तक सीमित न रहे यह तय किया जाना जरूरी है। इसलिए इसकी निगरानी विधिक सेवा प्राधिकरण करेगा।

–न्यायमूर्ति विपिन सांघी, मुख्य न्यायाधीश नैनीताल हाईकोर्ट

### अभियान से जुड़े लोगों को किया पुरस्कृत

मुख्य न्यायाधीश ने स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान दे रही बैंणी सेना की महिलाओं के साथ नैनीताल, भीमताल, भवाली आदि निकायों के सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण मित्रों व अभियान के तहत आयोजित चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता स्कूली बच्चों को पुरस्कृत किया।